





# कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी, गांव-गांव पहुंचकर किसानों को करेगा जागरूक

## किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत खरीफ फसलों को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मई।** प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में लहार तहसील में खरीफ फसलों के संबंध में किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा तैयार कृषि रथ को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में समाजसेवी दीपक शर्मा, अन्नू त्रिपाठी एवं अरविंद्र आर्या प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




**10 दिनों तक गांव-गांव पहुंचेगा कृषि रथ:** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा तैयार यह कृषि रथ आगामी 10 दिनों तक क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचकर किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी देगा। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक, नवीन कृषि पद्धतियों एवं कृषि सुधारों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

**कृषि वैज्ञानिकों से होगा सीधा संवाद:** कृषि रथ के जरिए किसानों का कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन जैसे विषयों पर कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों से सीधा संवाद कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक सलाह देकर खेती को अधिक लाभकारी एवं उन्नत बनाना है।

**प्रतिदिन 3 से 4 ग्राम पंचायतों का भ्रमण:** जानकारी के अनुसार कृषि रथ प्रतिदिन 3 से 4 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा और विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा। खरीफ सीजन की बुवाई से पहले किसानों को नई तकनीकों और वैज्ञानिक सलाह से अवगत कराकर उत्पादन बढ़ाने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**अधिकारियों ने किया स्वागत:** इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्निहोत्री एवं उपस्थित समाजसेवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल को किसानों के हित में उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।



## गुरीखा में 'जनमन कैंप' का शुभारंभ, बिरसा मुंडा को किया नमन

**मालनपुर, 18 मई।** जनमन योजना एवं 'धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा' कार्यक्रम के तहत गुरीखा में संतृप्ति शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सभी अतिथियों और ग्रामवासियों ने भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी बृजेश कुमार मौर्य ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान के साथ-साथ 'जनमन योजना' के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस दौरान नोडल अधिकारी बृजेश कुमार मौर्य, सचिव रामसेवक चौरसिया, सरपंच प्रतिनिधि राहुल सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंदा शर्मा, आंगनबाड़ी सहायिका सीमा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कार्य में लापरवाही पर पंचायत समन्वयक, सचिव और रोजगार सहायक को नोटिस

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले अधिकारी-कर्मचारी, विकास कार्य भी पाए गए अपूर्ण

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मई।** भिंड जिला पंचायत वीरसिंह चौहान ने कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर जनपद पंचायत रौन के पंचायत समन्वयक अधिकारी चौबेलाल कोठारी, ग्राम पंचायत पुरा भीमनगर के सचिव मनोज वर्मा एवं ग्राम रोजगार सहायक भूपेन्द्र सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



**निरीक्षण के दौरान मिले अनुपस्थित:** मुख्य कार्यपालन अधिकारी चौहान ने बताया कि कलेक्टर भिंड की 16 मई 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में 17 मई 2026 को जनपद पंचायत रौन अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरा भीमनगर एवं ग्राम पंचायत इंदुर्खी में जल गंगा संवर्धन योजना के तहत संचालित मां की बगिया, खेत तालाब एवं तालाब निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर अनुपस्थित पाए गए। साथ ही विकास कार्य अपूर्ण एवं बंद स्थिति में मिले।

**शासन की योजनाओं में लापरवाही पर नाराजगी:** सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि निरीक्षण के दौरान संबंधितों की अनुपस्थिति एवं कार्यों का अपूर्ण मिलना शासन की योजनाओं के प्रति गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कृत्य घोर लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता का परिचायक है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**तीन दिवस में मांगा जवाब:** नोटिस में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तीन दिवस के भीतर उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधितों की स्वयं होगी।

# 21 के विशाल जनआंदोलन की तैयारी में जुटी कांग्रेस

## निकलेगा विरोध मार्च, बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, तांगा और साइकिलों से कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपेंगे ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मई।** देश एवं प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने 21 मई को विशाल जनआंदोलन करने का निर्णय लिया है। आंदोलन की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय करते हुए बताया गया कि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आंदोलनकारी बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, तांगा, खच्चर गाड़ी और साइकिलों से जिला कांग्रेस कार्यालय भारौली तिराहा से रवाना होकर सुभाष तिराहा, परेड चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे, जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस जनआंदोलन में लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया सहित प्रदेश एवं क्षेत्रीय वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

**राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर होगा आयोजन:** बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि यह आंदोलन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया जाएगा।

**आरजीपीवी का नाम बदलने का विरोध:** रामशेष बघेल ने भाजपा सरकार द्वारा आरजीपीवी यूनिवर्सिटी का नाम बदलने के प्रयास का विरोध करते हुए कहा कि यह केवल नाम परिवर्तन का मामला नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं का सवाल है। बैठक में मनोज दैपुरिया, महेश जाटव, डॉ. शिवेंद्र सिंह, जगत सिंह यादव, राजीव कौशिक, डॉ. सुल्तान सिंह नरवरिया, वीरेंद्र यादव, विजेंद्र सिंह कुशवाह कल्लू, पंकज त्रिपाठी, सुशीला नरवरिया, राहुल कुशवाह, नईम पठान सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना में पात्र हितग्राही न छूटें : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत भिंड, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।



**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश:** बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा करते हुए सभी विभागों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि जिला ए ग्रेड सूची में शामिल होकर बेहतर रैंकिंग प्राप्त कर सके। साथ ही विभागवार लंबित शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं करने और संतुष्टि स्तर बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। बैठक में समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए छूटे हुए लोगों की समग्र आईडी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही 70 प्लस आयुष्मान कार्ड की समीक्षा कर इसे शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान योजना अत्यंत लाभकारी है, इसलिए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाए जाएं और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाए।

**कुपोषण पर सख्ती, घर-घर जांच के निर्देश:** कलेक्टर ने सेम बच्चों की स्थिति का पोषण ट्रैकर के माध्यम से वास्तविक परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित डॉक्टरों के समन्वय से एक टीम बनाकर घर-घर जाकर बच्चों की जांच की जाए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि यदि समूहों द्वारा गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तो संबंधित समूहों पर कार्रवाई कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए।

**कृषि कल्याण वर्ष के लक्ष्यों को समय पर पूरा करें:** कलेक्टर ने कहा कि कृषि कल्याण वर्ष अंतर्गत जुड़े सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करें। साथ ही जिन विभागों के अंतर्गत समितियां गठित हैं, उनकी नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए। सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए गए कि बारिश से पूर्व नाले-नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें, ताकि जलभराव की स्थिति न बने। साथ ही निर्माण विभागों को बारिश से पहले सभी प्रगतिरत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, जिससे अधूरे कार्यों को बारिश से नुकसान न पहुंचे।

**25 तक लगेंगे विशेष शिविर:** कलेक्टर ने पीएम जनमन एवं धरती आभा योजना अंतर्गत 25 मई तक आयोजित होने वाले शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट एवं टीएल पत्रों के निराकरण की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने राकेश

**गोहद, 18 मई।** लंबे समय से चल रही चर्चाओं एवं विचार-विमर्श के बाद गोहद ब्लॉक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सिमरैया होटल में किया गया, जिसमें संभागीय अध्यक्ष अवधेश शर्मा, जिला अध्यक्ष राज पाल कुशवाह, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया सहित शैलेन्द्र शर्मा, निरंजन सिंह राणा एवं जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक मालनपुर कार्यकारिणी, गोहद चौराहा व गोहद क्षेत्र के निजी विद्यालय संचालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से राकेश सिंह कुशवाह नालंदा गुरुकुल एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल वाले को गोहद ब्लॉक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य बृजभूषण मिश्रा, बृजेंद्र सिंह तोमर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धीरज शर्मा एवं राणा सर ने नव नियुक्त अध्यक्ष को माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। नवीन अध्यक्ष राकेश सिंह कुशवाह ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सुसंगठित बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्कूल संचालकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दीं। तत्पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक भोज ग्रहण किया।

# दंदरौआ धाम में नियुक्ति पत्र सौंपकर संगठन विस्तार के दिए निर्देश

## अभा ब्राह्मण महासभा को मिला नया नेतृत्व, पुरोहित बने जिलाध्यक्ष

**भिण्ड, 18 मई।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करने एवं संगठन विस्तार को गति देने के उद्देश्य से दंदरौआ धाम एवं ब्राह्मण महासभा के संरक्षक महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 महाराज रामदास ने समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय ओमप्रकाश पुरोहित (जौरी ब्राह्मण) को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही प्रिंस दुबे को युवा ब्राह्मण महासभा तथा मनोज चौधरी, ग्राम सेमरपुरा को परशुराम सेना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



**दंदरौआ धाम में सौंपे गए नियुक्ति पत्र:** दंदरौआ धाम आश्रम पर आयोजित कार्यक्रम में महाराज रामदास जी ने ब्राह्मण महासभा के संरक्षक बाबा भगवान दास सेतिया की उपस्थिति में तीनों पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पुरोहित ने कहा कि दंदरौआ सरकार द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव से करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के प्रत्येक व्यक्ति को परिवार का सदस्य मानते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा। साथ ही भगवान परशुराम के सिद्धांतों, विचारों एवं आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

**समाजजनों ने दी शुभकामनाएं:** नियुक्ति के बाद समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा दंदरौआ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में संगठन जिले में और अधिक सक्रिय एवं मजबूत होगा।

## श्रीमद् भागवत कथा में दिलाई बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ

**भिण्ड, 18 मई।** अटेर की ग्राम पंचायत परा अंतर्गत सोनाली के पूरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कथावाचक ममता लोधी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। कथा में आसपास के लगभग 25 गांवों से पहुंचे भाई-बहनों, माताओं-पिताओं एवं ग्रामीणजनों ने बाल विवाह न करने और जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कथावाचक ममता लोधी ने कहा कि बाल विवाह समाज के विकास में बाधा है और इससे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## श्रीमद् भागवत कहता है अच्छा वक्ता बनने से पहले अच्छा श्रोता बनना चाहिए : कटारे

**गोरमी, 18 मई।** गोरमी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानहड़ के श्री राम जानकी मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आज दूसरे दिन कथा व्यास पंकज कतरे ने कही, उन्होंने कहा की श्रीमदभागवत कहती है की जितना श्रेष्ठ श्रोता होगा, कथा का लाभ उतना ही अधिक होगा।



उन्होंने कहा कि मन को निश्चल रखकर विश्राम आपसे श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करना चाहिए, सच्चे मन से सुनी गई कथा कल्याणकारी होती है, मैं कहा कि ईश्वर भक्ति का सबसे सरल मार्ग है भगवान की कथाओं को सुनना उन्होंने कहा कि देल की भगवान की कथा अनंत है, किंतु हम जिस रूप में निश्चल भाव से बुलाते हैं ईश्वर इस रूप में हमारे सामने आता है और निश्छल रखना चाहिए, उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा कहती है कि भगवान का भजन ही मनुष्य के कल्याण का मार्ग है।

उन्होंने बताया कि 84 लाख यौनियों में भटकने की जान जब यह मनुष्य शरीर प्राप्त होता है तो इस मनुष्य शरीर का एक महत्व उद्देश्य होना चाहिए ईश्वर की भक्ति ही इस भवसागर से मुक्त कराती है। आज की इस पावन कथा का लाभ परिचित मीना देवी राम प्रताप सिंह भदौरिया, के साथ वेदराम सिंह,संजीव सिंह, अनिल सिंह, शक्ति सिंह, मनोज सिंह, राजेश सिंह, ज्ञान सिंह भदौरिया, महंत रामसजीवन दास सहित 5 सैकड़ा से अधिक श्रद्धांलुओं ने लिया।



## मेघपुरा में चौपाल : नशा मुक्ति, साइबर क्राइम व जमीन विवादों पर जागरूकता

**मेहगांव, 18 मई।** एसडीओपी संजय कोच्छा व थाना प्रभारी महेश शर्मा मेहगांव ने ग्राम मेघपुरा में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर क्राइम तथा जमीन संबंधी विवादों से बचाव के बारे में जागरूक किया मौके पर एसडीओपी ने नशे के दुष्प्रभाव, परिवार और समाज पर पड़ने वाले नुकसान तथा उपचार व पुनर्वास के विकल्प बताए थाना प्रभारी महेश शर्मा ने साइबर क्राइम के प्रति सतर्कता, संदिग्ध लिंक न खोलने तथा ऑनलाइन ठगी की रिपोर्टिंग के आसान तरीकों की जानकारी दी गई। जमीन विवादों में कानूनी दस्तावेज़ों के महत्व, जमीन के रिकॉर्ड की जाँच और विवाद होने पर संबंधित प्रशासनिक व न्यायिक मार्ग अपनाने का सुझाव दिया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जन चौपाल में भाग लिया और अपने प्रश्नों पर स्पष्ट जानकारी पाई। अधिकारियों ने आगे भी समय-समय पर ऐसी पहल जारी रखने का भरोसा दिलाया।

## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

**भिण्ड, 18 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन भिंड की अध्यक्षता में नगर पालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के कार्यक्रम के तहत स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भिंड, एसडीएम अटेर, एसडीएम भिंड सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गोहद नगर पालिका में जनगणना प्रथम चरण पूर्ण, प्रगणकों-पर्यवेक्षकों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**गोहद, 18 मई।** नगर पालिका गोहद में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में, जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों, पर्यवेक्षकों तथा नगर पालिका के कर्मचारियों को स्वल्पाहार एवं वाटर बॉटल भेंट कर सम्मानित किया गया।



समारोह में चार्ज अधिकारी एवं सीएमओ महेश जाटव ने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत जिम्मेदारी और धैर्य का काम है, जिसमें टीमवर्क और समयबद्धता का विशेष महत्व होता है। उन्होंने नगर की टीम के समर्पण और अनुशासन की सराहना की, जिसके फलस्वरूप इस चरण को सफलतापूर्वक पूरा कर प्रशासन के कार्य को सरल बनाया है। कार्यक्रम में जनगणना प्रभारी गौरव त्रिपाठी, हेड क्लर्क बनवारीशरण गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर पप्पेन्द्र जाटव, जनगणना तकनीकी सहायक रमेश राजावत सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान, विशेष उपलब्धियों के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किए गए। प्रथम सुपरवाइजर को, जिन्होंने अपने संपूर्ण क्षेत्र का कार्य सबसे पहले पूर्ण किया, विशेष रूप से सराहा गया। इसके साथ ही, प्रथम महिला प्रगणक और प्रथम पुरुष प्रगणक को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जनगणना के इस चरण में कुल 16 सुपरवाइजरों और 94 प्रगणकों ने सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, प्रारंभिक सर्वे कर जनगणना कार्य को सुगम बनाने वाले नगर पालिका के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में, चार्ज अधिकारी ने सभी टीम सदस्यों का आभार व्यक्त किया और आगामी चरणों में भी इसी प्रकार समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# सुंदरनाथ धाम झाँकरी में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, उमड़ा आस्था का सागर

**नवभारत न्यूज**

**गोहद, 18 मई।** जिले की गोहद तहसील के ग्राम झाँकरी स्थित सुंदरनाथ धाम में सोमवार से ऐतिहासिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस आयोजित कलश यात्रा में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जय श्री राधे-कृष्ण के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में कथावाचन का पावन दायित्व महावीर प्रसाद कटारे द्वारा निभाया जा रहा है, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामदास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई।



**कलश यात्रा से हुआ मंगल शुभारंभ :** प्रथम दिवस प्रात: आयोजित कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक शोभायात्रा निकाली। यात्रा के दौरान भजन मंडलियों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

**प्रतिदिन होगा कथा अमृत का रसपान :** आयोजन समिति के अनुसार कथा 18 मई से 25 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 11:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन लीला, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र सहित अनेक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथाव्यास महावीर प्रसाद कटारे ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, भक्ति और संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और समाज में सद्भाव का वातावरण बनता है।

**श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील :** आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे प्रतिदिन सपरिवार कथा पंडाल में पहुंचकर कथा अमृत का लाभ लें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं। सात दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव ग्राम झाँकरी ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी आस्था और आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बन गया है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है।